प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते को बताया सबसे महत्त्वपूर्ण मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता।
- संसद का बजट सत्र आज से नई दिल्ली में शुरू– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों को करेंगी संबोधित।
- भाजपा ने विकसित भारत जी राम जी योजना को जन–जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात से जनजीवन प्रभावित। कुल्लू में आज सभी शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को सबसे महत्वपूर्ण मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता बताते हुए इसे विश्व की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि भारत– यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता, भारत–ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है और इससे विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कल वर्चुअल माध्यम से आयोजित भारत ऊर्जा सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता, देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता और यूरोपीय संघ के लाखों लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि ये दोनों क्षेत्र वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी का 25 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का एक तिहाई हिस्सा हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्थिक पहलुओं से अलग यह समझौता लोकतंत्र और विधि के शासन के प्रति साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

प्रधानमंत्री– एनसीसी रैली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के करियाप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करेंगे। इस वर्ष की रैली का विषय है–राष्ट्र प्रथम–कर्तव्य निष्ठ युवा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि यह रैली भारत के युवाओं में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना दर्शाती है। एनसीसी पीएम रैली, एक महीने तक चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का भव्य समापन है। इस रैली में देशभर से 2 हजार 406 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। रैली में 21 देशों के 207 युवा और

अधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्यों सहित एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और चरित्र विकास में उनकी भूमिका को दर्शाया जाएगा।

संसद का बजट सत्र आज से आरंभ होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों – लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संबोधित करेंगी। कल, आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि केन्द्रीय बजट रविवार एक फरवरी को पेश होगा। बजट सत्र का पहला चरण आज से 13 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित होगा। बजट सत्र के दौरान सदन की 30 बैठकें होंगी।

आदर्श युवा ग्राम सभा

पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में आदर्श युवा ग्राम सभा के विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल और शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार उपस्थित रहेंगे। इस दौरान छात्रों, शिक्षकों और पंचायती राज प्रतिनिधियों सहित लगभग 900 प्रतिभागी उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम देश भर में आयोजित ग्राम सभा गतिविधियों में भाग लेने वाले जवाहर नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के 28 हजार से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी का जश्न मनाता है।

जी राम जी

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत–2047 के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। ये संकल्प जिला चम्बा में वीबीजी राम जी योजना पर आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन के दौरान लिया गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरयाल ने की, जबकि डलहौजी के विधायक डी.एस. ठाकुर एवं भरमौर विधानसभा के विधायक डॉ. जनक राज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता व विधायक डी.एस. ठाकुर ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी योजना किसी भी प्रकार से राजनीति से प्रेरित नहीं है, बल्कि विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए बनाई गई एक दूरदर्शी योजना है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस योजना को घर–घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर सहित कुल्लू व चंबा के उंचाई वाले क्षेत्रों में बीते कल से रूक–रूक हिमपात जारी है। लाहौल–स्पीति में कल से रात तक करीब एक फुट से अधिक हिमपात हुआ है जबकि आज मौसम साफ है। किन्नौर जिला के मुख्य पर्यटन स्थल कल्पा में अब तक एक फुट से अधिक हिमपात दर्ज किया जा चुका है।

इस बीच कुल्लू जिला की ऊँची चोटियों पर बीती रात भी हिमपात होता रहा जबकि निचले इलाको में सुबह तक बारिश हुई। पर्यटन नगरी मनाली व् इसके आसपास के इलाकों सहित नग्गर, पतलीकूहल व कटराईं तक हुए हिमपात के चलते घाटी के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है तथा लोगो को ठण्ड का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खराब मौसम व् विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए कुल्लू जिला के सभी शिक्षण संस्थानों को आज बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। मनाली की ओर जाने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग पतलीकूहल तक खुला है, लेकिन इसके आगे छोटी गाड़िया ही जा पा रही हैं। वही पुलिस प्रशासन ने भी पर्यटकों एवं आमजन से मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन करने का आहवान किया है। शिमला के कुफरी और नारकंडा में भारी बर्फबारी से उपरी क्षेत्रों के लिए जाने वाले सड़क मार्ग अवरूद्व हुए हैं। इधर, राजधानी शिमला में भी बीती रात हल्का हिमपात हुआ, जबकि सुबह की शुरूआत गुनगुनी धूप से हुई है। उधर, धर्मशाला सहित मैदानी इलाकों में भी मौसम साफ है। मौसम विभाग ने राज्य के उच्च व मध्यपर्वतीय क्षेत्रों में आज भी हल्की बर्फबारी व बारिश जबकि निचले क्षेत्रों में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

<u>प्रशिक्षण शिविर</u>

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के माध्यम से जिले की हरलोग पंचायत के पालटी गांव में मशरूम उत्पादन पर 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न स्वयं सहायता समूह व बी.पी.एल़ परिवार से जुड़े लोगों ने मशरूम उत्पादन को लेकर जानकारी हासिल की। प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अजय कुमार शर्मा ने सभी प्रशिक्षाणार्थियों से स्वरोजगार के तौर पर मशरुम उत्पादन से जुड़ कर अपनी आजीविका बढ़ाने का भी आह्वान किया।

<u>नाबार्ड–सेमिनार</u>

नाबार्ड द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए स्टेट फोकस पेपर को स्टेट क्रेडिट सेमिनार में प्रस्तुत किया जाएगा। शिमला के होटल होली–डे होम में आज आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता बतौर मुख्यातिथि शरीक होंगे।

<u>''अंत में मुख्य समाचार''</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत–यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते को बताया सबसे महत्त्वपूर्ण मदर ऑफ ऑल डील्स समझौता।
- संसद का बजट सत्र आज से नई दिल्ली में शुरू– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों को करेंगी संबोधित।
- भाजपा ने विकसित भारत जी राम जी योजना को जन–जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी हिमपात से जनजीवन प्रभावित। कुल्लू में आज सभी शिक्षण संस्थान रहेंगे बंद।